
समस्या आपकी समाधान
INTERNATIONAL S E X O L O G I S T
यदि आप भी धात, स्वप्नदोष, ल्यूकोरिया, मर्दाना कमजोरी, गुप्त रोगों एवं शुक्राणुओं की कमी का राजवैद्यों के नुस्खों पर आधारित कीमती एवं बहुमूल्य रत्नों, भस्मों द्वारा सबसे उचित आयुर्वेदिक इलाज करवाना चाहते हैं तो मिलें

मनोज कुमार –
मेरी शादी को 4 वर्ष हो चुके थे। मैं शीघ्रपतन रोग से पीड़ित था कम्प्यूटर इंजीनियर होने के साथ-साथ जॉब में अपने पार्टनर से मिलता था तब मुझे 30 से 40 सकेण्ड में मेरा शीघ्रपतन हो जाता था। एक दिन हम दोनों में फैसला लिया और सीधे सिंह क्लीनिक पहुँचे दोनों से इसका इलाज करवाया। डॉ. सिंह ने जैसे मुझे दवाई दी मैं एक सप्ताह में ठीक हो गया। मुझमें वही जोश आने लगा जो जोश जवानी में आता था। आज मेरा वैवाहिक जीवन सफल हुआ। आज मैं जो कुछ हूँ वो डॉ. सिंह की वजह से हूँ।

अभिषेक –
मेरी बचपन की गलतियों से मुझे प्रमेह रोग हो गया। मेरी याददाश्त कमजोर हो गयी। घात एवं स्वप्नदोष रोग से ग्रसित होकर निराश हो चुका था। मैं विभिन्न दवाखानों में इलाज कराकर थक चुका था। फिर मुझे सिंह क्लीनिक के बारे में रेडियो एफ.एम. के द्वारा पता चला और सिंह क्लीनिक पर इलाज हेतु पहुंचा। डॉ. साहब को तुरन्त बताया और उनके मार्गदर्शन से इलाज कराकर मैं ठीक हो गया। डॉ. सिंह का बहुत-बहुत धन्यवाद!

WORRIED ABOUT YOUR SEXUAL HEALTH?

Singh Clinic
An ISO 9001:2008 Certify Clinic

DR. V.P. SINGH
D.Lit. (Ayurveda)
स्त्री एवं पुरूष गुप्त रोग विशेषज्ञ
पता :- रॉयल कॉलोनी, पीलीभीत बाईपास रोड, सैटेलाइट बस स्टैण्ड से 1 किलोमीटर आगे, सतीपुर चौराहा, बरेली।
9837057107
9837343729
Website : sexologistvpsingh.com
Website : drvpsinghsexologist.com

मजबूत संगठन की नींव पर बराबरी से लड़ेंगे चुनाव : आराधना मिश्रा

संविधान बचाओ संवाद रैली में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने दिलाया संकल्प

जागरण संवाददाता, शाहजहांपुर : विधानसभा चुनाव में कांग्रेस इस बार ज्यादा से ज्यादा सीटों पर टिकट के लिए दावा करेगी, लेकिन इस पर सहमति तभी बनेगी जब संगठन को मजबूत होगा। शुक्रवार को पार्टी की ओर से बरेली मंडल की संविधान बचाओ संवाद रैली में पहुंचीं प्रदेश अध्यक्ष आराधना मिश्रा मोना ने कार्यकर्ताओं को यही मंत्र दिया। कहा कि मजबूत संगठन की नींव पर समाजवादी पार्टी के साथ विधानसभा चुनाव में कांग्रेस बराबरी से चुनाव लड़ेगी।

लोधीपुर स्थित मैरिज लान में हुए आयोजन में प्रदेश अध्यक्ष आराधना मिश्रा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी सदन से लेकर सड़क तक छात्रों, किसानों, युवाओं, मजदूरों व महिलाओं के सम्मान और अधिकारों की लड़ाई पूरी मजबूती से लड़ रही है। इस संघर्ष का परिणाम विधानसभा चुनाव में भी दिखाई देगा। उन्होंने कहा कि शाहजहांपुर सहित पूरे प्रदेश में कांग्रेस संगठन लगातार मजबूत हो रहा है। पार्टी के पास प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में मजबूत एवं सक्षम प्रत्याशी हैं। जनता ने परिवर्तन का मन बना लिया है।


शाहजहांपुर में कार्यकर्ता का अभिवादन करतीं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष आराधना मिश्रा • जागरण

इसका असर प्रदेश की राजनीति में दिखाई देगा। कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव व ब्रज जोन के प्रभारी कुणाल चौधरी ने कहा कि सभी जनपदों में पार्टी की स्थिति पहले की अपेक्षा काफी बेहतर हुई है। जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता मुन्ना ने कहा कि पार्टी के पास सभी विधानसभा सीटों पर मजबूत दावेदार हैं। इससे पहले प्रदेश अध्यक्ष व राष्ट्रीय सचिव का फूल मालाओं से स्वागत किया गया। प्रदेश अध्यक्ष ने विभिन्न जनपदों से आए पदाधिकारियों से व्यक्तिगत रूप से भेंट करके संगठन की स्थिति, चुनाव की तैयारियों व संगठनात्मक गतिविधियों पर चर्चा की। इस मौके पर प्रमुख रूप से महानगर अध्यक्ष तकवीम हसन खान, प्रेम प्रकाश अग्रवाल, कुमुद गंगवार, अनूप वर्मा, तनवीर सफदर, दिनेश कुमार, बिंदेश्वरी राज, संजीव पासी, फरीद अली खान, अर्चना कटारिया सहित बरेली, बदायूं, फर्रुखाबाद, पीलीभीत के पदाधिकारी मौजूद रहे।

युवा कांग्रेस ने किया स्वागत: प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद आराधना मिश्रा के शहर में पहले आगमन पर युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष रामजी अवस्थी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। उन्हें 21 किलो की माला पहनाई और पुष्पगुच्छ, फरसा, पटका व भगवान परशुराम की प्रतिमा भेंट की। इस दौरान शोभित मिश्रा, रहीम दाद खान, निहाल खान, कुनाल, शिवओम मिश्र, प्रियांशु राठौर आदि मौजूद रहे।


खबर देखने के लिए क्यूआर कोड स्कैन करें।

लखीमपुर में पत्नी व प्रेमी ने की थी युवक की हत्या

संसू, जागरण • संपूर्णानगर (लखीमपुर): निषादनगर घोला गांव में युवक की हत्या के मामले का पुलिस ने 48 घंटे के भीतर राजफाश करते हुए हरेंद्र की पत्नी और उसके प्रेमी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। दोनों की निशानदेही पर वारदात में प्रयुक्त बांका, लोहे का पाइप और खून से सने कपड़े भी बरामद कर लिए हैं।

हरेंद्र की हत्या मंगलवार रात घर से कुछ दूरी पर खेत की ओर जाने वाले रास्ते पर की गई थी। बुधवार सुबह गांव के लोगों ने रास्ते पर उसका शव देखा। उसके गले और सिर पर धारदार हथियार से वार के निशान थे। हरेंद्र के स्वजन ने पुलिस को बताया था कि अनीता के गुरजीत से संबंध थे और उन्हें दोनों पर हत्या का संदेह है।

हरेंद्र के पिता पन्नालाल ने आरोप लगाया कि मंगलवार देर रात गुरजीत उनके घर आया था। आहट होने पर हरेंद्र ने उसे देखा तो वह चला गया। पिता के अनुसार, गुरजीत के जाने के बाद अनीता भी घर से निकली। संदेह होने पर हरेंद्र लोहे का पाइप लेकर उसके पीछे गया। दोनों देर रात वापस नहीं लौटे। सुबह गुरजीत से फोन पर पूछने पर उसने हरेंद्र की जानकारी होने से इनकार किया। कुछ समय बाद ग्रामीणों ने शव मिलने की सूचना दी।

"Life is good , live a Goodlife !"
SRMS Goodlife
A MULTI SPECIALITY HOSPITAL

Siemens Artis Zee Flat Panel Latest CATH LAB
24 घंटे कार्डियोलॉजी एवं कार्डियक इमरजेंसी
Dr. Kush Mehrotra
D.M. (Cardiology), FACC
OPD: Mon to Sat
Time: 10 am to 6 pm
एंजियोग्राफी | एंजियोप्लास्टी | पेसमेकर | AICD | BMV
24 घंटे कार्डियक एम्बुलेंस | कार्डियक ICU | ईको | हॉल्टर
स्टेडियम रोड, बरेली 9458702002

उत्तराखंड ने काटी यूपी के गांव की बिजली

खिलाफत मलिक • जागरण

मुरादाबाद : करीब 26 साल तक उत्तराखंड की बिजली से रोशन रहे मुरादाबाद के वीरपुर फतेहउल्लापुर गांव की आपूर्ति सात अक्टूबर को बंद कर दी गई। 44 दिन से गांव के 700 से 800 परिवार अंधेरे में हैं। विडंबना यह कि ग्रामीण उप्र में नए कनेक्शन के लिए मुरादाबाद व नजदीकी जिला रामपुर में बिजली विभाग के अधिकारियों के चक्कर लगा रहे हैं।

उत्तराखंड के ऊधम सिंह नगर की सीमा से सटे इस गांव में वर्ष 1977 में नैनीताल से बिजली आपूर्ति शुरू हुई थी। 2000 में उत्तराखंड गठन के बाद गांव मुरादाबाद के ठाकुरद्वारा विधानसभा

वर्ष 2000 में उत्तराखंड बनने पर भी वहीं के सबस्टेशन से ही थी आपूर्ति, सात अक्टूबर से पसरा है अंधेरा

क्षेत्र में शामिल हो गया, लेकिन बिजली आपूर्ति उत्तराखंड से ही होती रही। 31 अक्टूबर 2026 को बैठक में बकाया मिलने पर सात अक्टूबर 2026 को गांव के बाहर तक आने वाली बिजली लाइन उतरवा दी। इसके बाद से 4,500 की आबादी वाले गांव में अंधेरा है। ग्रामीणों का कहना है कि बिजली न होने से बच्चों की पढ़ाई सबसे ज्यादा प्रभावित हो रही है। पानी के अभाव में खेती भी सूख रही है। ग्रामीणों ने नए कनेक्शन के लिए आवेदन कर दिया है, लेकिन आपूर्ति शुरू नहीं हुई। चार नवंबर को रुद्रपुर में हुई बैठक में ऊधम सिंह नगर के जिलाधिकारी नितिन भदौरिया ने मुरादाबाद और रामपुर के बिजली अधिकारियों को बुलाकर अपने क्षेत्रों में आपूर्ति शुरू के लिए स्वतंत्र बताया। मुख्य अभियंता शशांक कुमार अग्रवाल ने बताया कि 91 लोगों ने आवेदन किया है, शुल्क जमा होते ही कनेक्शन देकर आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी।

गांव में 31 ही वैद्य कनेक्शन थे : उत्तराखंड पावर कारपोरेशन के काशीपुर अधिशासी अभियंता वेगराज सिंह ने बताया कि गांव में केवल 31 ग्रामीणों के ही वैध बिजली कनेक्शन थे। कनेक्शन लेने के लिए कहने पर कुछ ग्रामीण विभाग के लाइनमैन को भी परेशान करते थे।

प्रतिबंधित मांझे से सिपाही का गला कटा, गंभीर

संसू, जागरण • लखीमपुर: नीमगांव थाने में तैनात सिपाही उमेश सागर का गुरुवार देर शाम मिश्राना चौकी के पास प्रतिबंधित मांझे की चपेट में आने से गला कट गया। वह जिला मुख्यालय पर सीआर के तहत ड्यूटी पर थे और सब्जी खरीदने निकले थे। आसपास के लोगों ने उन्हें निजी अस्पताल पहुंचाया। बताया गया कि उनके गले में दस टांके लगे हैं और वह अभी बोल पाने की स्थिति में नहीं हैं।

प्रतिबंध के बावजूद जिले में मांझे की बिक्री और इस्तेमाल जारी रहने से सवाल उठे हैं। घटना के बाद शहर कोतवाली पुलिस ने मिश्राना चौकी के आसपास पतंग विक्रेताओं की दुकानों की तलाशी ली, लेकिन चाइनीज मांझा नहीं मिला।

हल्दी-मेहंदी के बाद रुकवाया बाल विवाह

जासं, रुद्रपुर : शुक्रवार को ट्रांजिट कैंप के चामुंडा मंदिर के पास बाल विवाह की सूचना पर सखी वन स्टाप सेंटर ने पुलिस की मदद से विवाह रुकवा दिया। नाबालिग युवक के पड़ोस में मिली; हल्दी की रस्म हो चुकी थी और हाथों में मेहंदी थी। स्वजन उसे वनखंडी मंदिर ले जाकर सात फेरे कराने वाले थे। शाहजहांपुर निवासी बालिका जीजा के यहां रह रही थी। उसे संरक्षण में लिया गया।

एटीएस की पूछताछ के बाद युवक ने दी जान

जासं, रामपुर : पाकिस्तानी गैंगस्टर शहजाद भट्टी से संपर्क के संदेह में एटीएस (आतंकवाद निरोधक दस्ता) की पूछताछ का सामना करने के महज कुछ घंटों बाद आसिफ ने जहरीला पदार्थ खाकर जान दे दी। मृतक के स्वजन ने एटीएस के धमकाने को उसके आत्मघाती कदम उठाने की वजह बताया है। एएसपी अनुराग सिंह ने कहा कि युवक द्वारा आत्महत्या किए जाने की सूचना पर पुलिस पूरे मामले की गहनता से जांच कर रही है। मुहम्मद अहमद का तीसरे नंबर का बेटा आसिफ अली भाइयों के साथ राजस्थान के पाली में सिलाई का काम करता था। करीब एक सप्ताह पहले ही राजस्थान से गांव आया था। स्वजन के मुताबिक गुरुवार को मुरादाबाद से आई एटीएस की टीम ने गांव में दबिश दी और आसिफ को पूछताछ के लिए साथ ले गई। देर शाम टीम ने उसे छोड़ दिया, लेकिन घर लौटने के बाद से ही वह बेहद डरा और सहमा हुआ था।

20 क्विंटल का बंडल गिरने से दो की मौत

संस, जागरण • गजरौला (अमरोहा) : रोजी-रोटी की खातिर घर से निकले थान सिंह और रूप सिंह को भेजते वक्त परिवार को क्या पता था कि अब दोनों का चेहरा कभी नहीं देख सकेंगे। दिल्ली-लखनऊ हाईवे स्थित कामाक्षी पेपर मिल में शुक्रवार सुबह करीब 20 क्विंटल का भारी-भरकम पेपर बंडल दोनों पर गिरा और नीचे दबकर दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। शव उठाने से भी इन्कार कर दिया। अफरा-तफरी के बीच बैकहो लोडर की मदद से बंडल हटाकर दोनों के शव बाहर निकाले गए।

सीटों की कुर्बानी भी देंगे : आजम खां

जागरण टीम, मुरादाबाद : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मां के निधन पर सपा के वरिष्ठ नेता आजम खां ने दुख जताया है। शुक्रवार को मुरादाबाद पहुंचे आजम ने मीडिया के सवाल पर कहा, 'बड़ा सदमा है, अल्लाह तआला उन्हें सब्र अता फरमाए। मां सी दौलत कहां मिलती है।' उन्होंने अपनी यात्रा को सियासत से जोड़ने से इन्कार करते हुए कहा कि वह ताजियत के लिए आए हैं, सियासत के लिए नहीं। बेटे अब्दुल्ला आजम के साथ हरथला स्थित एक मीनार वाली मस्जिद में मगरिब की नमाज अदा करने के बाद वह कब्रिस्तान पहुंचे। यहां अपने करीबी युसूफ मलिक के बेटे शाहजेब की कब्र पर फातिहा पढ़ी। करीब ढाई घंटे तक शहर में मौजूदगी के दौरान समर्थकों की भीड़ जुट गई। इससे कांठ रोड पर करीब आधा घंटे तक जाम रहा। इससे पहले गुरुवार रात आजम खां जौहर यूनिवर्सिटी पहुंचे थे। वहां करीब दो घंटे रुककर स्टाफ से विश्वविद्यालय के कामकाज व हास्टल के विद्यार्थियों से पढ़ाई की जानकारी ली। इसके बाद दिवंगत साथी हक रामपुरी के घर जाकर स्वजन को सांत्वना दी। शुक्रवार को घर के पास मस्जिद में बेटे अब्दुल्ला के साथ नमाज अदा की। शाम को मोहम्मद सालिम के घर पहुंचकर उनके चाचा के निधन पर शोक जताया। उधर, गठबंधन में सीटों के बंटवारे पर आजम के बयान (... जरूरत पड़ी तो कांग्रेस को अधिक सीटें देकर कुर्बानी भी देंगे।) का कांग्रेस ने स्वागत किया है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रमिल कुमार शर्मा ने कहा कि गठबंधन में शीर्ष नेतृत्व जो प्रत्याशी चुनेगा, उसे ईमानदारी से चुनाव लड़ाएंगे।

क्रिप्टो ट्रेडिंग में मुनाफे का झांसा देकर 32 लाख हड़पे

जासं बदायूं: क्रिप्टो ट्रेडिंग में निवेश कराकर मोटे मुनाफे का लालच देकर 32 लाख रुपये हड़प लिए गए। पीड़ित ने चार लोगों पर संगठित गिरोह बनाकर धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया। पैसे वापस मांगने पर मारपीट और जान से मारने की धमकी दी गई। इसमें पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर चार के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के गांव खेड़ा बुजुर्ग निवासी इशाक अहमद का कहना है कि दिसंबर 2023 में गांव के ही मोहम्मद साजिद सिद्दीकी ने उन्हें एक कंपनी के माध्यम से क्रिप्टो ट्रेडिंग में निवेश करने का प्रस्ताव दिया। निवेश करने पर पांच से सात प्रतिशत मासिक मुनाफा और मूलधन की शत-प्रतिशत वापसी की गारंटी दी गई। साथ ही टीएलसी 1.0 नाम की डिजिटल करेंसी में निवेश करने पर भविष्य में करोड़ों रुपये का फायदा होने का लालच भी दिया गया। आरोपित उसे बरेली के एक होटल में ले गए, जहां शैला खान और मोहम्मद रजा से मुलाकात कराई गई। तीनों ने मिलकर उसे निवेश के लिए तैयार कर लिया। उनके झांसे में आकर पीड़ित ने अलग-अलग तारीखों में करीब 32 लाख रुपये दे दिए। इसमें लगभग 27,77,840 रुपये कई बैंक खातों में और 4,22,160 रुपये नकद दिए गए। काफी समय बीतने के बाद भी न तो वादा किया गया मुनाफा मिला और न ही निवेश की रकम वापस की गई। रुपये मांगने पर आरोपित टालमटोल करने लगे। नौ सितंबर 2026 को पीड़ित अपने परिचितों के साथ आरोपित मोहम्मद साजिद के गांव खेड़ा बुजुर्ग स्थित घर पहुंचा और अपनी रकम वापस मांगी। आरोप है कि इस पर आरोपितों ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट की और लोहे की राड से हमला कर जान से मारने की धमकी दी।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड–1, लोक निर्माण विभाग, बरेली

पत्रांक :3218 / निविदा / 26 दिनांक: 16.11.2026

ऑन–लाइन निविदा आमंत्रण सूचना

1. महामहिम राज्यपाल उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड–1, लो0नि0वि0, बरेली के अंतर्गत निम्न तालिका में अंकित विवरण के अनुसार ऑनलाईन ई–निविदा दिनांक 23.11.2026 से 30.11.2026 की अपरान्ह 12:00 बजे तक आमंत्रित की गयी हैं, जिसकी तकनीकी बिड दिनांक 30.11.2026 को दोपहर 12:30 बजे खोली जायेगी।

क्र0 सं0.	कार्य का नाम	खण्ड का नाम	सिविल कार्य की लागत (रू0 लाख में)	धरोहर धनराशि (रू0 लाख में)	कार्य पूर्ण करने अवधि	निविदा प्रपत्र का मूल्य((निविदा शुल्क+ स्टेशनरी+ जी0एस0टी0)	ठेकेदारो की पात्रता श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8
1	वित्तीय वर्ष 2026–27 में अनावासीय भवनों के अन्तर्गत निरीक्षण भवन रामनगर में मरम्मत / सुधार का कार्य।	निर्माण खण्ड–1, लो0नि0वि0,बरेली	1.70	0.18	1 माह	679.00	ए,बी,सी,डी (भवन कार्य)

2. निविदा दस्तावेज एवं निविदा हेतु आमंत्रण के विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर लॉग ऑन किया जा सकता है।

सहायक अभियन्ता
निर्माण खण्ड–1, लो0नि0वि0, बरेली

(राजीव अग्रवाल)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड–1,लो0नि0वि0,बरेली

UP-261318 दिनाँक 19.11.2026 विज्ञापन वेबसाइट www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, पीलीभीत

पत्रांक 1929 / 31ए दि0 07 / 11 / 2026

अल्प कालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना

1. महामहिम राज्यपाल महोदय, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, पीलीभीत द्वारा लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत योग्य ठेकेदारों से प्रतिशत दरों पर बिड आमंत्रित की जाती है। बिड प्रस्तुत करते समय निविदा के आई0टी0वी0 में उल्लिखित शर्तो के अनुसार बिड अपलोड करें।

2.

क्र0 सं0	जनपद का नाम	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख रू0 में)	धरोहर धनराशि (लाख रू0 में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0 में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षाऋतु सहित)	फर्म / ठेकेदारों की आवश्यक पंजीकरण श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8
वित्तीय वर्ष 2026–27 में क्षतिग्रस्त मार्गों की विशेष मरम्मत का कार्य।							
1	पीलीभीत	भुरिया फरदिया सम्पर्क मार्ग(VR) के विशेष मरम्मत का कार्य	20.46	2.46	600+300+GST18 % (Rs. 900+162= Rs. 1062.00)	03 माह	A,B,C&D (Civil Work)
2	पीलीभीत	पचपेड़ा रोड से प्रसादपुर क्रांसिग का शेष भाग	9.32	93.50	600+225+GST18% (Rs. 825+149= Rs.974.00)	02 माह	A,B,C&D (Civil Work)
3	पीलीभीत	अमरिया कलां से महादिया मार्ग	22.49	2.25	600+300+GST18 % (Rs. 900+162= Rs. 1062.00)	03 माह	A,B,C&D (Civil Work)
4	पीलीभीत	बेगपुर सम्पर्क मार्ग	24.95	2.50	600+300+GST18 % (Rs. 900+162= Rs. 1062.00)	03 माह	A,B,C&D (Civil Work)
5	पीलीभीत	पीलीभीत माधोटांडा से कलीनगर सम्पर्क मार्ग	22.30	2.23	600+300+GST18 % (Rs. 900+162= Rs. 1062.00)	03 माह	A,B,C&D (Civil Work)

3. बिड डाक्यूमेन्ट बेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 23.11.2026 से दि0 30.11.2026 को मध्यान्ह 12:00 बजे तक अपलोड किये जा सकते है, जिनकी तकनीकी बिड तद्दिनांक 30.11.2026 को अपरान्ह 12:30 बजे खोली जायेगी।
4. निविदा से सम्बन्धित जानकारी http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध होगी।

अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लोनिवि, पीलीभीत।

UP-261289 दिनांक 19.11.2026 विज्ञापन वेबसाइट www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है

SBI भारतीय स्टेट बैंक, तनावग्रस्त आस्ति प्रबंधन शाखा–।।, 11वां तल, जवाहर व्यापार भवन, एसटीसी बिल्डिंग, 1 टॉलस्टॉय मार्ग, जनपथ, नई दिल्ली–110001, ईमेल : sbi.50950@sbi.co.in, फोन: 011-43179557, 9012141888

ई–नीलामी बिक्री सूचना

परिशिष्ट IV-क, (नियम 8 (6) का परन्तुक देखें) अचल सम्पत्तियों के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस
प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8 (6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई–नीलामी विक्रय नोटिस

आम लोगों को और विशेष रूप से उधार लेने वाला, गारंटर और प्रत्याभूतिदाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित **अचल** आस्तियां जो प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी / प्रभारित है, का **भौतिक कब्जा**, प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को **"जहाँ है", जैसा है" और जो कुछ भी है"** के आधार पर निम्नवर्णित कर्जदारों / गारंटर्स और बंधककर्ताओं को प्रत्याभूतदाता, से प्रतिभूत लेनदार भारतीय स्टेट बैंक की नीचे वर्णित रुपए की बकाया राशि की वसूली हेतु नीचे वर्णित दिनांकों को बेचा जाएगा। आरक्षित मूल्य और अग्रिम धनराशि नीचे वर्णित रूपए होगी।

कर्जदार / गारंटर(रों) / का नाम पता / पते सहित	नीलामी के अंतर्गत अचल और चल संपत्तियों का विवरण	आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि (आरक्षित मूल्य का 10%) / वृद्धि राशि	सुरक्षित ऋण जिसकी वसूली के लिए संपत्ति को बेचा जाना है	सम्पत्ति का स्थल पर निरीक्षण करने हेतु तिथि एवं समय एवं प्राधिकृत अधिकारी का नाम	बोली आवेदन पत्र, केवाईसी दस्तावेजों, पैन कार्ड, ईएमडी जमा करने का प्रमाण आदि जमा करने की तिथि व समय और धरोहर राशि BAANKNET के माध्यम से	ई–नीलामी की तिथि / समय 10 मिनट प्रत्येक के आसीमित स्वतः विस्तार सहित
1. मैसर्स श्री राम पॉलिमर्स, (पार्टनर्स और गारंटरों के माध्यम से) 8वां केएम, जलालाबाद रोड, गांव – जमौर, यूपीएसआईडीसी क्षेत्र शाहजहाँपुर – उत्तर प्रदेश। 242001 **2. श्री जितेश गुप्ता (पार्टनर मैसर्स श्री राम पॉलिमर्स)** 8वां केएम, जलालाबाद रोड, गांव जमौर, यूपीएसआईडीसी क्षेत्र शाहजहाँपुर उ.प्र. –242001 **3. श्रीमती रुचि गुप्ता (पार्टनर मैसर्स श्री राम पॉलिमर्स),** 8वां केएम, जलालाबाद रोड, गांव जमौर, यूपीएसआईडीसी क्षेत्र शाहजहाँपुर यू.पी. –242001 **4. श्री जितेश गुप्ता पुत्र स्वर्गीय श्री राम किशोर गुप्ता, (मैसर्स श्री रामपॉलीमर्स के गारंटर)** निवासी 184, राम निवास मोहल्ला मोहम्मद जई, बैंक ऑफ बड़ौदा के पास, चौक मंडी, शाहजहाँपुर, उ.प्र.–242001 **5. श्रीमती रुचि गुप्ता पत्नी श्री जितेश गुप्ता (गारंटर मैसर्स श्री राम पॉलिमर्स),** निवासी 184, राम निवास मोहल्ला मोहम्मद जई, बैंक ऑफ बड़ौदा के पास, चौक मंडी, शाहजहाँपुर, उ.प्र.–242001 **6. श्रीमती नितांशी गुप्ता पत्नी श्री विनीत कुमार गुप्ता, (मैसर्स श्री राम पॉलिमर्स की गारंटर)** निवासी 102, खलील गरबी, सीतापुर आई हॉस्पिटल के पास, शाहजहाँपुर, यूपी– 242001 **7. श्रीमती जूही गुप्ता पत्नी श्री मुकुल गुप्ता (मैसर्स श्री राम पॉलिमर्स की गारंटर)** निवासी: एचआईजी–508, दून इंटरनेशनल स्कूल के पास, रतन लाल नगर, कानपुर, यूपी. 208022 **8. श्रीमती निकेता गुप्ता पत्नी श्री आशीष गुप्ता (मैसर्स श्री राम पॉलिमर्स की गारंटर)** निवासी 76 ए, छोटी सब्जी मंडी, पप्पू बीज भंडार के पास, बहादुरगंज, शाहजहाँपुर, उत्तर प्रदेश – 242001	फैक्ट्री की भूमि एवं भवन, **सर्वे नंबर 754, 755 / 2, 755, जो गाटा नंबर 754 एवं 755 / 2, 755 के भाग पर,** गांव–जमौर, शाहजहांपुर, जमौर, उत्तर प्रदेश 242001 में स्थित है। **i) मूल बिक्री विलेख संख्या 4724 / 906, दिनांकित 05–10–1982** (बही संख्या 1, जिल्द 1079, पेज 8 से 9, क्रम संख्या 4724 / 906, सब–रजिस्ट्रार कार्यालय शाहजहांपुर, उत्तर प्रदेश द्वारा 07–04–1983 को पंजीकृत) जो खसरा नंबर 755 के भाग पर, गांव जमौर, शाहजहांपुर, उत्तर प्रदेश में स्थित है, **क्षेत्रफल परिमाप 3.25 एकड़ (1.314 हेक्टेयर)** तथा श्री राम किशोर गुप्ता (अब दिवंगत) के पक्ष में पंजीकृत है कानूनी वारिस / स्वामियों नामतः 1. श्री जितेश गुप्ता पुत्र स्व. श्री राम किशोर गुप्ता, 2. श्रीमती निकेता गुप्ता पत्नी श्री आशीष गुप्ता, 3. श्रीमती जूही गुप्ता पत्नी श्री मुकुल गुप्ता 4. श्रीमती नितांशी गुप्ता पत्नी श्री विनीत कुमार गुप्ता द्वारा बंधक है। **ii) मूल बिक्री विलेख संख्या 276 दिनांकित 11–01–2007** के अनुसार बही संख्या 1 जिल्द 4455 पृष्ठ 121 से 160, क्रमांक 276 शाहजहांपुर उत्तर प्रदेश, गाटा संख्या 754 **(क्षेत्रफल 0.178 हेक्टेयर)** और गाटा संख्या 755 / 2 का भाग **(1.133 हेक्टेयर में से 0.227 हेक्टेयर का क्षेत्रफल)** पर स्थित **कुल क्षेत्रफल 0.405 हेक्टेयर,** गांव जमौर, शाहजहांपुर, उत्तर प्रदेश, श्रीमती दयावती गुप्ता (अब दिवंगत) के पक्ष में पंजीकृत। कानूनी वारिसों / स्वामियों नामतः 1. श्री जितेश गुप्ता पुत्र स्व. श्री राम किशोर गुप्ता। 2. श्रीमती निकेता गुप्ता पत्नी श्री आशीष गुप्ता 3. श्रीमती जूही गुप्ता पत्नी श्री मुकुल गुप्ता 4. श्रीमती नितांशी गुप्ता पत्नी श्री विनीत कुमार गुप्ता द्वारा बंधक है। **iii) मूल स्वामित्व विलेख संख्या 279 दिनांक 11–01–2007** को पंजीकृत, बही संख्या 1 जिल्द 4455 पृष्ठ 203 से 240, शाहजहांपुर उत्तर प्रदेश में गाटा संख्या 755 / 2 के भाग पर, गांव जमौर, शाहजहांपुर, उत्तर प्रदेश में स्थित, **क्षेत्रफल परिमाप 0.405 हेक्टेयर** क्षेत्र और दयावती गुप्ता (अब दिवंगत) के पक्ष में पंजीकृत, कानूनी वारिसों / स्वामियों नामतः 1. श्री जितेश गुप्ता पुत्र स्व. श्री राम किशोर गुप्ता, 2. श्रीमती निकेता गुप्ता पत्नी श्री आशीष गुप्ता 3. श्रीमती जूही गुप्ता पत्नी श्री मुकुल गुप्ता 4. श्रीमती नितांशी गुप्ता पत्नी श्री विनीत कुमार गुप्ता द्वारा बंधक है। **iv) मूल बिक्री विलेख संख्या 275, दिनांक 11–01–2007** को बही संख्या 1 जिल्द 4455 पृष्ठ 77 से 120 पर शाहजहांपुर उत्तर प्रदेश में पंजीकृत है, जो गाटा नंबर 755 / 2 के भाग पर, गांव जमौर, शाहजहांपुर, उत्तर प्रदेश में स्थित है, **क्षेत्रफल परिमाप 0.296 हेक्टेयर** और श्री जितेश गुप्ता के पक्ष में पंजीकृत है। **(भौतिक कब्जे में)** **ज्ञात ऋणभार – बिजली विभाग का 56 लाख रुपये का बिल**	**₹ 17,51,00,000/-** **₹ 1,75,10,000/-** **₹ 10.00 लाख**	**रू. 24,88,90,984 / –** (केवल चौबीस करोड़ अठासी लाख नब्बे हजार नौ सौ चौरासी रुपये) **13.11.2026** तक, साथ ही अनुबंध में तय दर से आगे का ब्याज और अन्य सभी विविध खर्च, शुल्क, लागत आदि।	**02.12.2026** दोपहर 12.00 बजे से अर्पाह्न 04.00 बजे तक **प्राधिकृत अधिकारीः सुश्री सुशीला मांगले मोबाइल नं. 9717644500** **रिजॉल्यूशन एजेंटः मो. बिलाल, मो. 9319727045**	**कृपया देखें https://baanknet.com** **ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि और समयः 10.12.2026 शाम 5:00 बजे तक**	**11.12.2026** दोपहर 12.00 बजे से अर्पाह्न 04.00 बजे तक 10 मिनट प्रत्येक के असीमित स्वतः विस्तार सहित

M/S PSB ALLIANCE (BAANKNET) द्वारा प्रदान किए गए ई–नीलामी साइट **https://baanknet.com** पर बोलीकर्ताओं द्वारा ईएमडी को अपने स्वयं के बटुए(**wallet**) में हस्तांतरित / जमा करना होगा।

नियम व शर्तें:– ई–नीलामी "जहाँ है", जैसा है" और जो कुछ भी है" के आधार पर ऑन लाईन आयोजित की जायगी।
ई–नीलामी **https://BAANKNET.com** लिंक के माध्यम से आयोजित की जाएगी। इसके अलावा, बोलीदाताओं को ई–नीलामी सेवा प्रदाता **मैसर्स पीएसबी एलायंस (बैंकनेट)** की सेवा शर्तों का अनुपालन करना होगा।
इच्छुक बोलीदाता **10.12.2026** को शाम 5 बजे से पहले **मैसर्स पीएसबी एलायंस (बैंकनेट)** के पास प्री–बिड ईएमडी जमा कर सकते हैं। **मैसर्स पीएसबी एलायंस (बैंकनेट)** के बैंक खाते में भुगतान की प्राप्ति और ई–नीलामी वेबसाइट में इस तरह की जानकारी को अपडेट करने के बाद ही बोलीदाता को प्री–बिड ईएमडी का क्रेडिट दिया जाएगा। बैंकिंग प्रक्रिया के अनुसार इसमें कुछ समय लग सकता है और इसलिए बोलीदाताओं को अपने हित में सलाह दी जाती है कि किसी भी अंतिम समय की समस्या से बचने के लिए बोली पूर्व ईएमडी राशि अग्रिम रू